# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

रेलवे अस्पताल के सामने, रातानाडा, जोधपुर – 342001

email- jdanic-jod-rj@nic.in वेब–साईट jodhpurjda.org Phone No. 0291-2612086/265635-7 Fax 0291-2612086


क्रमांक:– टीसीबी / 2017 / 141 दिनांक:– 02.08. 2017

## बैठक कार्यवाही विवरण

जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक दिनांक 31 जुलाई 2017 को प्रातः 11.00 बजे श्री दुर्गेश कुमार बिस्सा आर.ए.एस आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण एवम् अध्यक्ष जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की अध्यक्षता में प्राधिकरण स्थित कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियों की सूची परिशिष्ट–1 पर संलग्न है।

**प्रस्ताव संख्या 1 ::** **गत बैठक दिनांक 02 जून 2017 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि की गई ।**

**प्रस्ताव संख्या 2. ::** **निजी बसों हेतु स्थान का चयन**

दिनांक 16.03.2017 को जारी अधिसूचना में निजी बस स्टैण्ड के ठहराव हेतु अधिक उपयुक्त स्थान तय होने पर संशोधन की कार्यवाही की जावेगी ।

**निर्णय** :– बैठक में रिक्तियां भैरूजी आर.ओ.बी के नीचे बस स्टैण्ड के ठहराव को भगत की कोठी पीली टंकी क पास ठहराव हेतु निर्देश दिये गये ।

**प्रस्ताव संख्या 3. ::** **भारी वाहनो के प्रवेश के सम्बन्ध में नो–एन्ट्री प्लान :–**

भारी वाहनो के प्रवेश के सम्बन्ध में नो–एन्ट्री प्लान जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अन्तिम रूप से चयनित स्थानों पर बस अड्डों का संचालन शुरू होने तथा शहर में निर्माणाधीन फ्लाईओवर / पुलिया के सुचारू रूप से चालु होने क पश्चात् ही निर्णित किया जाना उचित होगा ।

**निर्णय** :– जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा फ्लाईओवर / पुलिया के सुचारू रूप से चालु होने के पश्चात् ही नो–एन्ट्री प्लॉन तैयार कर चयनित बस अड्डो का संचालन शुरू करने का निर्णय लिया गया ।

1. इसी प्रस्ताव पर यातायात पुलिस की पालना रिपोर्ट के बिन्दु संख्या 9 व 10 में उल्लेखित बिन्दुओ बाबत रिपोर्ट :–

1. शहर के विभिन्न मार्गो पर सफेद पार्किग–लाईन अभी तक नहीं बनाई गई है ।

**निर्णय** :– इस बाबत् वर्षाकाल के उपरान्त कार्य करने का निर्णय लिया गया

2. सिग्नल लाईटों का रख–रखाव पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा किया जा रहा है । परन्तु निम्नांकित स्थानों पर केबल खराब होने से अभी तक सिंग्नल लाईटें खराब पडी है, जिसे ठीक करवाया जाना अतिआवश्यक है । इस सम्बन्ध में अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत खण्ड) सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर को निरीक्षक, पुलिस यातायात प्रशासन द्वारा पत्र क्रमांक 1997–2000 दिनांक 10.07.2017 के द्वारा लिखा गया । परन्तु कार्यवाही अपेक्षित है ।

| क्र.स. | सिग्नल लाईटा लगे स्थान | वर्तमान स्थिति |
|---|---|---|
| 1. | शनिश्चर जी का थान | खराब (केबल खराब) |
| 2. | बोम्बे मोटर्स | खराब (केबल खराब) |
| 3. | अमृता देवी चौराहा | खराब (केबल खराब) |
| 4. | कृषिमण्डी | खराब (केबल खराब) |
| 5. | सोजती गेट | खराब (सप्लाई केबल खराब) |

**निर्णय** :– इस सम्बन्ध में अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत खण्ड)सार्वजनिक निर्माण विभाग को बन्द लाईटों को ठीक करने के लिए निर्देश प्रदान किये गये ।

**प्रस्ताव संख्या 4.** :: (i) शहर के विभिन्न उद्यानों के सामने स्पीड ब्रेकर, सिंग्लन/ब्लीकर लाईट, जेब्रा क्रोसिंग, स्पीड ब्रेकर, सडक चिन्ह इत्यादि बनाये जाने अभी तक अपेक्षित है ।

**निर्णय** :– बैठक में विचार विमर्श कर समिति द्वारा सर्वसम्मति से शास्त्रीनगर मे स्थित महावीर सर्कल से दल्ले खां चौराहे के बीच ए–31 के सामने व जैन स्थानक के सामने स्पीड ब्रेकर लगाने का निर्णय लिया गया ।

(ii). शहर के बाहरी कुछ मार्गो पर सुदृश्य व सहज दृश्य गति सीमा के बोर्ड लगाये जाने अभी तक अपेक्षित है ।

**निर्णय** :– बैठक में यातायात उपायुक्त ने अवगत कराया कि दुर्घटना क्षेत्र पर 60 साईन बोर्ड लगा दिये गये है एवं शेष गति सीमा के बोर्ड लगाये जाने शेष है जिसकी सूची उपायुक्त यातायात द्वारा तैयार की जावें । साथ ही दुर्घटना सम्भावित क्षैत्रो की पहचान कर उसकी सूची भी तैयार की जावें ।

**प्रस्ताव संख्या 5.** :: (i) सिटी बसों के डायवर्जन के सम्बन्ध में विस्तृत व स्पष्ट प्रस्ताव तैयार किया जाना शेष है ।

**निर्णय** :– बैठक में निर्णय लिया गया कि उक्त प्रकरण को आगामी बैठक में विचाराधीन रखा जाये।

(ii) जोधपुर शहर में विभिन्न कटो को बन्द करने, चालू करने एवं स्पीड ब्रेकर प्रस्तावित करने के सम्बन्ध में मनोनित समिति द्वरा रिपोर्ट तैयार किया जाना शेष है ।

इस सम्बन्ध में दिनांक 29.07.2016 को आयुक्त महोदय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की अध्यक्षता में यातायात नियंत्रण बोर्ड कमेटी की बैठक में गठित कमेटी में निम्नलिखित अधिकारियों को नियुक्त किया गया, जो इस प्रकार है ।

| क्र.सं. | पद/विभाग |
|---|---|
| 1. | जिला परिवहन अधिकारी |
| 2. | अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि.शहर खण्ड जोधपुर |
| 3. | अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि.रा.उ.मा. खण्ड जोधपुर |
| 4. | अधिशाषी अभियन्ता, नगर निगम जोधपुर |
| 5. | सहायक अभियन्ता, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 6. | उप–निरीक्षक यातायात प्रशासन, पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर |

समिति द्वारा 02.08.2016 को 20 थानो बाबत् अपनी रिपोर्ट पेश की गई । जिस पर डी. सी.पी. (यातायात) द्वारा पालना पेश की गई ।

**निर्णय** :– डी.सी.पी. यातायात रोड कट का चिन्हिकरण कर प्रस्तुत करने बाबत् सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया ।

(iii) डी.सी.पी. यातायात ने अवगत कराया कि जेडिए एवं आर.टी.ओ. द्वारा यातायात शाखा को उपलब्ध करवाई गई क्रेने सही स्थिति में नहीं है । यहां तक कि इन क्रेन वाहनों में वाईपर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम तथा हेल्पर भी नही है । साथ ही उचित समय पर सर्विसिग नहीं होने के कारण वर्षाकाल में ड्राईवर द्वारा ब्रेक नहीं लगने के कारण विभिन्न स्थानों पर जाने से मना भी कर दिया जाता है । साथ ही क्रेन विभिन्न कारणों से बार–बार ऑफ रोड हो जाती है । इनके संवेदक से सम्पर्क करने पर ना तो उचित जवाब दिया जाता ना समय पर ठीक करवाया जाता है । 'यहा तक की संवदक से कार्यादेश के साथ दी गई शर्तो की प्रति उपलब्ध करवाने तक से गैर जिम्मेदाराना तरीके

से इंकार कर दिया गया है । ऐसी फर्मो को कार्य से ब्लेकलिस्टेड किया जाना उचित रहेगा ।

**निर्णय** :– क्रेन के ठेकेदार को भी बुलाया गया एवं निर्देश दिये गये कि सन 2013 के बाद के मशीनों का ही उपयोग किया जायेगा एवं जब भी आवश्कता होगी तब क्रेन उपलब्ध करवानी होगी एवं वैकल्पिक व्यवस्था हेतु हिदायत दी गयी ।
गाडी के कागजात की आर.सी की एक प्रति जोधपुर विकास प्राधिकरण एवं उपायुक्त यातायात को उपलब्ध कराने के लिए पाबन्द किया गया ।

**प्रस्ताव संख्या 6.** :: **यातायात केबिन बनवाने बाबत् :–** यातायात व्यवस्था में तैनात पुलिस कर्मियों की सुविधा हेतु तीन चौराहो पर यातायात सहायता बुथ लगवाये जाने के सम्बन्ध में निम्न 04 स्थान भिजवाए जा रहे है इनमें से कोई 03 स्थानो पर बुथ लगाया जावें ।

(01) घण्टाघर
(02) पावटा चौराहा
(03) एम्स अस्पताल के सामने
(04) डीपीएस चौराहा

**निर्णय** :– निदेशक (अभियान्त्रिकी) को निर्देश दिये गये कि उपरोक्त स्थानों को निरीक्षण कर तीन स्थानों पर बूथ लगाने की कार्यवाही की जावें।

**प्रस्ताव संख्या 7.** :: **पार्किग स्थल निरस्त करने बाबत्** :– जालोरी गेट पुलिस चौकी के पास स्थित भाटी सॉफ्टी एण्ड सॉफ्टी के पास पार्किग स्थल की निरस्त किये जाने बाबत इस कार्यालय के पत्रांक 2757–63 दिनांक 29.06.2017 से निरस्त किया गया है इस सम्बन्ध में यातायात पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर वाहन खडे पाये जाने पर नौ–पार्किग कार्यवाही की जाती है । इस पर स्थान नो–पार्किग का बोर्ड लगवाया जाना अपेक्षित है ।

**निर्णय** :– निदेशक अभियान्त्रिकी को नो–पार्किंग के बोर्ड लगाने के निर्देश प्रदान किये गये।

**प्रस्ताव संख्या 8.** :: **बजट आवंटन के सम्बन्ध मे :–** अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर के पत्रांक 768 दिनांक 28.04.2017 के अनुसार शहर में यातायात व्यवस्था सुधार हेतु मॉनिटरिंग कमेटी के निर्देशानुसार कुल 5,09,400/– विभिन्न कार्य करवायें जा कर फर्म M/S ELECTRO SOULTION & AUTOMATION, 214 VIVEK VIHAR JAGATPURA, JAIPUR को भुगतान किया जाना था जिसमें 99,000/– की राशि का कम भुगतान किया गया । जिसके लिए अतिरिक्त पुलिस मुख्यालय द्वारा पत्र प्राधिकरण जोधपुर में प्रस्तुत किया गया ।

**निर्णय** :– पूर्व बैठक दिनांक 02.06.2017 में निर्णय लिया गया था डी.सी.पी. यातायात ने अवगत कराया कि प्रकरण तैयार करने के कार्यवाही की जा रही है । जिसे आगामी बैठक तक पेडिंग रखा गया ।

**प्रस्ताव संख्या 9** :: **ऑटो रिक्शा/ऑटो तांगा के स्कोप में वृद्धिकरण बाबत् :–**

**निर्णय** :– क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा मूल्यांकन किया जाकर ऑटो रिक्शा/ स्कोप का मूल्यांकन किया जाकर आगामी बैठक में रखने का निर्णय लिया गया ।

**प्रस्ताव संख्या 10** :: **डी.बी. सिविल रिट** याचिका संख्या 13584/2015 सुशील कुमार ओझा बनाम राज्य व अन्य में माननीय खण्डपीठ द्वारा पारित आदेश दिनांक 19.04.2017 की पालना में जोधपुर विकास प्राधिकरण

द्वारा प्राईवेट बस स्टेण्ड हेतु विभिन्न स्थलों का चिन्हिकरण किया गया था । माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष निम्नांकित रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी थी ।

| क्र. सं. | योजना का नाम | खसरा नं. | योजना | भूमि किस्म | मास्टर प्लान में भूमि का उपयोग | क्षैत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | पश्चिम जोन जेसलमेर रोड | 717 | राजस्व ग्राम चौखा | बारानी | आवासीय | 4000 वर्गगज |
| 02 | पश्चिम जोन बाडमेर रोड | 717 | राजस्व ग्राम चौखा | बारानी | आवासीय | 4000 वर्गगज |
| 03. | उतर जोन बीकानेर रोड, नागौर रोड | 55 | राजस्व देसूरिया विश्नोई | गैर मुमकिन गोचर | भण्डारण एवं गोदाम | 4000 वर्गगज |
| 04 | दक्षिण जोन पाली रोड | | विवेक विहार | | | 4000 वर्गगज |

निर्णय – **सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि माननीय न्यायालय द्वारा शहर की बढती हुई जनसंख्या को देखते हुए निजी बस संचालकों को चयनित किये गये स्थान पर ही भूमि उपलब्ध करवायी गई इन चयनित स्थानों का नियमानुसार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत Notification** करवाये जाने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव संख्या 11 :: **रूट डाईवर्जन मार्ग पर चर्चा (मार्ग 16) :–**

निर्णय :– आर.टी.ओ. के स्तर पर पेडिंग है आगामी बैठक में रखने का निर्णय लिया गया ।

प्रस्ताव संख्या 12 :: यातायात पुलिस द्वारा यातायात सुधार हेतु अन्य बिन्दु बैठक में विचारधीन :–

(i) वर्तमान में नागौर रोड से आने वाली बसे आंगणवा, माता का थान, मंगरा पूंजला होते हुए भदवासिया पहुँचती है । परन्तु वर्षा के कारण उक्त मार्ग पुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है और बसों का इन क्षतिग्रस्त सडको से निकलना असम्भव हो गया है । अतः शीघ्रतशीध्र इस सम्बन्ध में कार्यवाही कर सडक मरम्मत किया जाना आवश्यक है ।

**निर्णय** :– उक्त सडके पी.डब्ल्यू.डी की है या जेडीए की, निदेशक (अभियान्त्रिकी) को निर्देश दिये गये कि सडको का चिन्हिकरण कर सूची प्रस्तुत करे ।

(ii) निम्नांकित स्थानो पर सडक के मध्य बने डिवाईडर से जल निकासी का कोई स्थान नहीं होने से आधी सडक पूर्णतयां जलमग्न हो जाती है । जिससे सडक भी क्षतिग्रस्त होती है, जल भराव की स्थिति होती है, और दोनो तरफ का यातायात शेष आधी सडक से ही चलता रहता है। जिससे यातायात जाम की स्थिति पैदा होती है ।

1. खेतसिंह का बंगला से पावटा सी रोड के मध्य
2. शिप हाउस से मर्धा सर्किल के मध्य
3. जेडीए से खतरनाक पुलिया
4. पावटा सी रोड महामन्दिर पुलिया के मध्य
5. फुलेराव पार्क से भदवासिया आवेरब्रिज के मध्य

**निर्णय :– निदेशक (अभियान्त्रिकी) को जल निकासी हेतु कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्रदान किये गये ।**

(iii) कमला नेहरू कॉलेज के पास बिजली का पोल दुर्घटनाग्रस्त होकर क्षतिग्रस्त अवस्था में है जिसे शीघ्रतिशीघ्र ठीक करवाना आवश्यक है ।

**निर्णय :– इस बाबत् विद्युत विभाग को निर्देश दिया गया है कि क्षतिग्रस्त पोल को तुरन्त ठीक करवाया जाए ।**

(iv) शहर में विभिन्न स्थानों पर सडक डिवाईडर पर लगी रैलिंग क्षतिग्रस्त है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है । जैसे :–

- सोजती गेट से रेल्वे स्टेशन के मध्य
- सर्किट हाउस से भाटिया चौराहा के मध्य
- खतरनाक पुलिया से ओलम्पिक तिराहा के मध्य
- नई सडक चौराहा से गौराधाय छत्री तक

**निर्णयः– आयुक्त नगर निगम प्रतिनिधि एवं जोधपुर विकास प्राधिकरण के निदेशक (अभियांन्त्रिकी) को निर्देशित किया गया कि क्षतिग्रस्त रैलिंग का सर्वे कर दुरस्त करवाया जावें ।**

(v) जोधपुर शहर के विभिन्न चौराहों पर लाउड स्पीकर तथा पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगवाया जाने की आवश्यकता है, ताकि यातायात शिक्षा का अधिकतम प्रचार–प्रसार हो सकें । वर्तमान में तीन चौराहों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगे हुए है जिन पर केवल एक–एक हॉर्न(भोपू) लगा है । इन स्थानों पर भी तीन–तीन अतिरिक्त हॉर्न(भोंपू) लगाये जाने की आवश्कता है ।

**निर्णय** :– निदेशक (अभियान्त्रिकी) व अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत) को निर्देशित किया गया कि निर्धारित स्थलों पर पूर्ण रूप से हॉर्न(भोपू) नई सडक, जालोरी गेट, 12 वी रोड चौराहे पर लगाये जावें ।

(vi) शहर में विभिन्न स्थानों पर सडक के मध्य बने डिवाईडरों को विभिन्न स्थानो पर सडक लेवल से ऊपर करने हेतु अनुशंषा पूर्व में ही की जा चुकी है परन्तु पालना अभी तक नहीं की जा सकी है।

**निर्णय** :– निदेशक (अभियान्त्रिकी) एवं पी.डब्ल्यू.डी द्वारा पालना कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है ।

(vii). शहर में विभिन्न स्थानों पर तैनात यातायात कर्मियों/पुलिस कर्मियों हेतु मुत्रालय की व्यवस्था करने हेतु अनुशंषा पूर्व में ही की जा चुकी है परन्तु पालना अभी तक नहीं हो सकी है ।

**निर्णय** :– नगर निगम को निर्देशित किया गया है कि यातायात कर्मियों/पुलिस कर्मियो के लिए मूत्रालय बनाने की व्यवस्था की जावें ।

(viii) यातायात शाखा को एक <u>मिडियम वाहन</u> इस प्रकार से मोडीफाई करके उपलब्ध करवाया जायें जिससे क्रेन द्वारा नो–पार्किंग/यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले दुपहिया वाहनों को उसमें भर कर एक साथ 20–30 वाहनों को लाया जा सकें ।

**निर्णय** :– नगर निगम के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि ट्रैफिक पुलिस को 20–30 वाहनों को एक साथ ले जाने के लिए <u>मिडियम वाहन</u> वाहन उपलब्ध करवायें जावें ।

(ix) आखलिया चौराहा के वर्तमान स्वरूप को सुधाने और यातायात व्यवस्था को दृष्टि से तकनीकि रूप से दुरस्त करने हेतु पूर्व में कमेठी द्वारा जाचं की जा चुकी परन्तु इस सम्बन्ध में आज दिनांक तक कोई प्रगति नहीं हुई है ।

पूर्व में यातायात बोर्ड कमेटी की बैठक दिनांक 04.10.2016 के प्रस्ताव संख्या 02 के अनुसार निम्न कमेटी का गठन किया गया था ।

| क्र.सं. | पद / विभाग |
|---|---|
| 1. | उपायुक्त पुलिस यातायात जोधपुर (प्रतिनिधि) |
| 2. | प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर |
| 3. | अधीक्षण अभियन्ता राष्ट्रीय राजमार्ग सार्वजनिक निर्माण विभाग जोधपुर (प्रतिनिधि) |
| 4. | अधिशाषी अभियन्ता–पश्चिम, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |

**निर्णय** :– उपर्युक्त कमेटी आखलिया चौराहा का निरीक्षण कर आगामी बैठक में अपनी अभिशंषा प्रस्तुत करे जिसके आधार पर अग्रिम निर्णय लिया जा सकें ।

(x) दाउजी की होटल से एम्स तिराहा तक एवं डिजल शेड रोड पर न्यू पॉवर हाउस तिराहा से दाउजी की होटल तिराहा तक के वर्तमान स्वरूप को सुधारने हेतू

**निर्णय** :– अधीक्षण अभियन्ता, जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर, अधिशाषी अभियन्ता नगर निगम, अधिशाषी अभियन्ता पी.डब्ल्यू.डी, डी.टी.ओ. के प्रतिनिधि द्वारा विशेषज्ञ से प्लान बनाकर प्रस्तुत करें ।

(xi) शहर में विभिन्न राजकीय उद्देशीयों से विभिन्न सक्षम कार्यालयों द्वारा समय–समय पर विभिन्न प्रकार के वाहनों को प्रवेश अनुमति दी जाती है परन्तु उसमें प्रवेश के समय तथा रूट का उल्लेख नहीं किया गया होता है । जिससे इसका उपयोग कर्ता द्वारा गलत फायदा उठाकर व्यस्तम मार्गो से दिन भर आवाजाही की जाती है । इस हेतु स्वीकृति जारी करने वाले विभागों को उचित दिशा निर्देश तय किये जाने चाहिए ।

**निर्णय** :– कि सक्षम कार्यालय द्वारा वाहनों को प्रवेश अनुमति दी जाने पर उपायुक्त मुख्यालय (यातायात) को सूचना देने के लिए पाबन्द किया जावें

(xii) नगर निगम के विभिन्न वाहनों तथा ट्रेक्टर, डम्पर, ट्रक इत्यादि द्वारा शहर की हार्ट लाईन से कचरे का बिना ढके खुल में परिवहन किया जाता है । जिसके बारे में समय–समय पर यातायात नियन्त्रण कक्ष पर आमजन द्वारा शिकायत दर्ज करवाई जाती है । अतः इस हेतु उचित दिशा निर्देश तय किये जाने चाहिए ।

**निर्णय** :– नगर निगम के प्रतिनिध को निर्देश दिये कि कचरे के उपर त्रिपाल से ढक कर डम्पिंग स्टेशन तक ले जाने के लिए ठेकेदार को पाबन्द करें ।

(xiii) वर्तमान में आठ खम्भा चौराहा (रातानाडा चोराहा) छोटे आकार का बना है, जिससे इसकी पूर्ण उपयोगिता नहीं हो पा रही है । अतः इसका आकार थोडा बडा किया जाना उचित रहेगा ।

**निर्णय** :– बैठक में निदेशक (अभियान्त्रिकी) उक्त चौराहे को बडा करने के लिए विस्तृत रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिये गये ।

(xiv) शहर के वेंडिग और नॉन–वेंडिग जोन चिह्नित करने का प्रस्ताव आयुक्त महोदय द्वारा रखा गया। जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नगर निगम द्वारा पार्किंग स्थलों पर जोन वेडिग और नोन–वेंडिग चिन्हित करने के लिए निर्देश दिये गये । साथ ही डी.सी.पी. यातायात ने अवगत कराया कि घोषित पार्किंग की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है । इसे भी स्पष्ट किया जाये, जिससे नो–पार्किंग एवं पार्किंग एरिया को चिन्हित किया जा सकें ।

**निर्णय** :– बैठक में सर्वसम्मति से कमेटी का गठन कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्णय लिया गया । कमेटी का गठन इस प्रकार होगा –

1. अतिरिक्त डी.सी.पी. यातायात जोधपुर

2. अधिशाषी अभियन्ता, नगर निगम जोधपुर

3. प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर का प्रतिनिधि

समिति को आगामी बैठक तक ऐसे स्थलों का चिह्णीकरण कर सूची बनानें पर सहमति व्यक्त कि गई ।

इसी के साथ धन्यवाद से बैठक समाप्त हुई ।

अरूण पुरोहित
(RAS)
सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

क्रमांकः– टीसीबी / 2017 / 141 To 166

दिनांकः– 02-08-2017

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

01. अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय, नगरीय विकास विभाग एवं आवासन विभाग राजस्थान जयपुर
02. महापौर महोदय, नगर निगम, जोधपुर
03. अध्यक्ष महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
04. जिला मजिस्ट्रेट, जोधपुर
05. पुलिस उपायुक्त–पूर्व / पश्चिम / मुख्यालय एवं यातायात / पुलिस अधीक्षण–ग्रामीण, जोधपुर
06. आयुक्त महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
07. सचिव महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
08. मुख्य कार्यकारी अधिकारी नगर निगम, जोधपुर
09. महाप्रबन्धक (प्रचालन) राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर
10. अपर मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, जोधपुर
11. अपर मुख्य अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जोधपुर
12. अपर मुख्य अभियन्ता,जोधपुर विधुत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर
13. प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर
14. कमाण्डर 45 सीमा सडक कृतिक बल, जालम विलास, जोधपुर
15. निदेशक–अभियांत्रिकी / आयोजना / वित / विधि, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
16. उपायुक्त–पूर्व / पश्चिम / उतर / दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
17. अधीक्षण अभियन्ता–प्रथम / द्वितीय / तृतीय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
18. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
19. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर (उप निदेशक) जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर को कार्यावाही विवरण का अंकन वेब–साईट पर करने तथा संबधित अधिकारियों को जरिये ई–मेल प्रेषित करने हेतु प्रेषित है ।
20. ........................................................................................................................

अरूण पुरोहित
(RAS)
सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

दिनांक 31 जुलाई, 2017 को प्रातः 11:00 बजे श्री दुर्गेश कुमार बिस्सा आर.ए.एस. आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में जोधपुर यातायात नियंत्रया बोर्ड की बैठक आयोजित हुई बैठक में उपस्थित अधिकारीगणों की उपस्थिति निम्न प्रंकार है –

| क्र. सं. | नाम अधिकारी मय पदनाम व विभाग |
|---|---|
| 1. | श्री भुवन भूषण यादव, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय यातायात जोधपुर |
| 2. | श्री बुगलाल मीणा, अतिरिक्त डी.सी.पी. यातायात पुलिस जोधपुर |
| 3. | श्रीमति चंचल वर्मा, उपायुक्त (पश्चिम) जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 4. | श्री श्रवण सिंह, उपायुक्त (पूर्व) जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 5. | श्री अर्जुन सिंह राठौड, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर |
| 6. | श्री गणपत पंवार, जिला परिवहन अधिकारी, जोधपुर (D.T.O. –II) |
| 7. | श्री एम. एस. चारण, अधिशाषी अभियन्ता, जोधपुर विधुत वितरण, निगम लिमिटेड जोधपुर |
| 8. | श्री नवीन चन्द्र के. राय, अधिशाषी अभियन्ता, पी.डब्ल्यू.डी. सिटी डिवीजन, जोधपुर |
| 9. | श्री रमेश मेहता सहायक अभियन्ता, पी.डब्ल्यू. सिटी डिवीजन, जोधपुर |
| 10. | श्री डी. के. मीणा, निर्देशक अभियांत्रिकी जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 11. | श्री विरेन्द्र सिंह चौधरी उपसचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 12. | श्री राकेश गहलोत, सहायक अभियन्ता जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 13. | श्री दलवीर सिंह ढढ्ढा, उपायुक्त, नगर निगम जोधपुर |
| 14. | श्री डी. के. पेडीवाल अधिशाषी अभियन्ता, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जोधपुर |
| 15. | श्री थान सिंह गहलोत, सहायक अभियन्ता, (राष्ट्रीय राजमार्ग) सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर |
| 16. | श्री अजय अग्रवाल, डी.टी.पी., जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 17. | श्री मनोहर सिंह, प्रबन्धक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर |
| 18. | श्री शिव लहरी, JDR (R) SPO जोधपुर |
| 19.. | श्री आदित्य (क्रेन ठेकेदार) |